प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 12.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 12.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।




पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 12.12.2024**

**मीडिया सेल, महोबा**

## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के विषय में किया गया जागरुक-

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान ''मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान'' चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 12.12.2024 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/कालेज/बीट/गांव आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला एवं चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा "मिशन शक्ति फेज-05" के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।







प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 12.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर की पुलिस टीम ने एक नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक-12.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना अजनर प्रभारी निरीक्षक श्री मनीष कुमार पाण्डेय द्वारा गठित की गयी उ0नि0 हरीशंकर यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने देखभाल क्षेत्र/गश्त व शान्ति व्यवस्था भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोबा द्वारा निर्गत वारण्ट के क्रम में अ0स0 48/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट सी0पी0 न0 2848/21 एन0बी0डब्ल्यू0 से सम्बन्धित एक नफ़र अभियुक्त राहुल सिंह पुत्र चालीराजा नि0 ग्राम बमनौरा थाना अजनर जिला महोबा उ0प्र0 को अभियुक्त के घर के पास ग्राम बमनौरा से नियमानुसार गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्षपेश करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 हरीशंकर यादव थाना अजनर जनपद महोबा।
2. कां0 विक्की चौधरी थाना अजनर जनपद महोबा।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

राहुल सिंह पुत्र चालीराजा नि0 ग्राम बमनौरा थाना अजनर जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 12.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खरेला की पुलिस टीम ने एक नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक-12.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी, श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गयी उ0नि0 राजेन्द्र प्रकाश व मय हमराह कर्मचारीगण की मदद से थाना खरेला में पंजीकृत मु0अ0सं0-149/24 धारा-74/75(1)(4) बीएनएस व 08 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त सत्येन्द्र पुत्र उमेश गिरि निवासी ग्राम धवारी थाना खरेला महोबा को थानाक्षेत्र के धवारी तिराहा कस्बा व थाना खरेला जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सम्पादित कर सम्बन्धित मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम -

1. उ0नि0 राजेन्द्र प्रकाश
2. कां0 धर्मेन्द्र सिंह
3. कां0 महेश प्रसाद

### गिरफ्तार अभियुक्त–

सत्येन्द्र पुत्र उमेश गिरि निवासी ग्राम धवारी थाना खरेला जनपद महोबा।



## हत्या की घटना कारित करने वाले 02 नफर वांछित अभियुक्तों को थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार, अभियुक्तों के कब्जे से आला कत्ल 02 अदद लाठी हुई बरामद-

दिनांक 07.12.2024 की रात्रि में थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत पचपहरा गांव से सूचना प्राप्त हुई कि दो पक्षों के बीच विवाद हुआ जिसमें एक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष पर हमलावर हो गये, जिसमें दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति को धार-दार हथियार से चोटें आयीं जिससे उनकी दुःखद मृत्यु हो गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह के नेतृत्व में गठित हुई पुलिस टीम ने पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 638/24 धारा 191(2)/191(3)/190/3(5)/333/352/115(2)/351(3)/103(1)/118(1) BNS व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली नगर महोबा के वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.विनोद अहिरवार पुत्र रामकिशन उर्फ रामकिशोर निवासी पचपहरा थाना कोतवाली नगर महोबा उम्र करीब 51 वर्ष 2.नन्दराम अहिरवार पुत्र स्व0 रामदीन निवासी पचपहरा थाना कोतवाली नगर महोबा उम्र करीब 55 वर्ष को जिला पंचायत रिसोर्ट सेन्टर महोबा के पीछे से आला कत्ल दो अदद लाठी के साथ गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया है।

उल्लेखनीय है कि उक्त घटना से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्तों 1.अमित कुमार अहिरवार 2.पवन को पूर्व में दिनांक 10.12.2024 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. अर्जुन सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा
2. निरीक्षक सत्यपाल सिंह थाना कोतवाली नगर महोबा,
3. हे0का0 विकास सिंह 4. कां0 राजेश सिंह थाना कोतवाली नगर महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1. विनोद अहिरवार पुत्र रामकिशन उर्फ रामकिशोर उम्र करीब 51 वर्ष
2. नन्दराम अहिरवार पुत्र स्व0 रामदीन उम्र करीब 55 वर्ष

निवासी पचपहरा थाना कोतवाली नगर महोबा

### बरामदगी-

आला कत्ल 02 अदद लाठी



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 12.12.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने एक नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में दिनांक 11.12.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गई पुलिस टीम उ0नि0 आशिक अली के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर महोबा में पंजीकृत मु0अ0सं0 588/24 धारा 137(2)/87 बीएनएस से संबंधित एक नफर वांछित अभियुक्त नरायन पुत्र जयराम कुशवाहा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पुरा थाना लवकुशनगर जनपद छतरपुर (म0प्र0) को बिलबई तिराहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार करते हुए आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. उ0नि0 आशिक अली थाना कोतवाली नगर महोबा
2. का0 मोहन गुप्ता थाना कोतवाली नगर महोबा
3. म0का0 हनी सिंह थाना कोतवाली नगर महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त -

नरायन पुत्र जयराम कुशवाहा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पुरा थाना लवकुशनगर जनपद छतरपुर (म0प्र0)



## मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत
## “परिवार परामर्श केन्द्र” कमेटी के सदस्यों ने
## 02 परिवारों को बिखरने से बचाया, परिवार में लौटी खुशियां-

आज दिनांक- 12.12.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में “परिवार परामर्श केन्द्र” कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी महिला थाना सुषमा चौधरी की अध्यक्षता में समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें द्वारा पति-पत्नी के 03 ऐसे जोड़े जिनके बीच पारस्परिक परिवारिक विवाद चल रहा था, उनकी काउंसिलिंग की गयी एवं उनके मध्य संबंधित समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं की काउंसिलिंग/परामर्श कर उनकी समस्याओं को सुलझाया गया जिसके परिणामस्वरुप पति-पत्नी से सम्बन्धित 02 पारिवारिक जोड़ा आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हुए।

जनपद महोबा पुलिस एवं परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्यों के द्वारा किये गये सफल प्रयासों का सभी के परिवारीजनों ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

परिवार परामर्श के दौरान म0कां0 रेखा देवी व काउंसलर क्रमशः श्रीमती नीतू पालीवाल, नेहा चंसौरिया, श्रीमती डॉ0 विभा पुरवार, श्री शिवकुमार गोस्वामी आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही।



